हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 मई 2024

04 स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ उपयंत्री को कार्य में ...



07 डीईओ ऑफिस में दबी कलेक्टर के तल्ख...






## खबर संक्षेप

### सीबीएसई: 20 मई के बाद आएगा रिजल्ट

**सीहोर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 20 मई को घोषित करने की बात कही है। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा के अंकों को सत्यापित करने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इसके तहत ऐसे सभी छात्र जो अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं होंगे या अफसरों द्वारा अधिकारिक तौर पर परिणाम घोषित किए जाने के बाद कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंकों के बारे में कोई संदेह है तो वे ऐसी स्थिति में अंक सत्यापन के विकल्प का लाभ उठा सकेंगे। सीबीएसई बोर्ड का 10वीं-12वीं का रिजल्ट 20 मई के बाद जारी किया जा सकता है। रिजल्ट घोषित होने पर उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

### महिला आईटीआई में प्रवेश जारी

**सीहोर।** डॉ. अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीव्हीटी के हिन्दी स्टेनो, कोपा, फैशन डिजाइन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैके, ड्राफ्ट्समैन सिविल पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश 1 मई से शुरु हो गए हैं। इनमें प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई है। शासकीय महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। दसवीं पास सभी श्रेणी की महिला आवेदक व अन्य आवेदक प्रवेश के लिए विभाग के पोर्टल पोर्टल https://mpiticounsling.co.in या www.dsd.mp.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में प्रवेश के लिए प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए छात्राएं संस्था में जाकर प्रवेश हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर सकती हैं।

### 15 मई तक फिर खोला छात्रवृत्ति पोर्टल

**सीहोर।** छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों के लिए पुनः पोर्टल खोला गया है। बता दें कि एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो अभी तक 2022-23 और 2023-24 के ऐसे एमपीटीएएसएस पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे 15 मई तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति के पात्र छात्रों को ऑनलाइन आवेदन के बाद हार्डकॉपी कॉलेज में जमा करानी होगी, ताकि कॉलेज छात्रवृत्ति की स्वीकृति भेज सकें। साथ ही ऐसे छात्र जिनका बैंक खाता एनपीसीआई इनएक्टिव है, वे बैंक में जाकर अपने खाते को एक्टिव कराएं, ताकि छात्रवृत्ति की राशि जमा हो सके।

### पार्टी-अभ्यर्थी के बाहरी कार्यकर्ताओं को विधानसभा क्षेत्र छोड़ना होगा

# आज थमेगा चुनाव-प्रचार, अब घर-घर देंगे दस्तक

# 200 मीटर के भीतर बूथ स्थापित नहीं करेंगे अभ्यर्थी

### केवल आपातकालीन सेवाओं के वाहनों व निर्वाचन कर्मचारियों को प्रतिबंध से छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चौथे चरण में देवास संसदीय क्षेत्र के लिए 13 मई को मतदान होगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 11 मई 2024 के साम 6 बजे से 13 मई 2024 की साम 6 बजे तक जिले में सार्वजनिक सभाओं, जुलूस एवं अन्य प्रचार आयोजनों को प्रतिबंधित किया किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 13 मई 2024 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत जारी आदेश के अनुसार वर्णित अवधि में किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभाएं एवं जुलूस आयोजित नहीं होंगे या इस प्रयोजनार्थ चुनाव प्रचार हेतु व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा। परन्तु घर-घर जाकर बिना भीड के जनसम्पर्क प्रतिबंधित नहीं रहेगा। चलचित्र, टेलीविजन, संगीत समारोह, नाट्य अभिनय या अन्य कोई मनोरंजन के साधनों से जनता के समक्ष किसी निर्वाचन सम्बन्धी बात का प्रचार नहीं करेंगे।

#### बाहरी पार्टी कार्यकर्ताओं को विधानसभा क्षेत्र छोड़ना होगा

प्रतिबंधित अवधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति क्षेत्र में एक साथ न तो एकत्रित होंगे और न ही आवाजाही करेंगे। निर्वाचन प्रचार हेतु समस्त अनुमतियां (वाहन सहित) 11 मई, 2024 को सायं 06:00 बजे से स्वतः ही समाप्त हो जायेंगी। प्रचार अवधि समाप्त होने के तत्काल पश्चात ऐसा व्यक्ति या राजनैतिक प्रतिनिधि /पार्टी कार्यकर्ता या अन्य व्यक्ति जो बाहर से किसी पार्टी / अभ्यर्थी के प्रचार-प्रसार हेतु लाये गये हैं और उस विधानसभा




क्षेत्र के वोटर नही हैं, वह उस विधानसभा क्षेत्र में नहीं रह सकते हैं और उन्हे तत्काल सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र छोड़ना होगा।

#### बाहरी पार्टी कार्यकर्ताओं को होटल-लॉज में ठहराना प्रतिबंधित

धर्मशाला, लाज, होटल, रिसोर्ट, मैरिज गार्डन, परिणय वाटिका के संचालक किसी भी बाहरी व्यक्ति जो किसी अभ्यर्थी/दल के पक्ष में चुनाव प्रचार कार्य में संलग्न हैं और वह उस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं है, को अपने परिसर में नहीं ठहराऐंगे। संबंधित थाना प्रभारी इसका पालन उक्त परिसरों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे तथा ठहरने वालों का सत्यापन करेंगे। कोई भी व्यक्ति या वाहन मतदान वाले दिन सील की गई अन्तर जिला या अन्तर राज्यीय सीमाओं में यथा उपबंधित के अतिरिक्त प्रवेश नहीं करेगा। चैक पोस्ट में तैनात बल व्यक्तियों की पहचान की जांच तथा उनका सत्यापन करेगें। पुलिस तथा आबकारी विभाग अवैध मदिरा पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाएंगे।

**ओपिनियन पोल प्रतिबंधित :** कोई भी व्यक्ति 11 मई, 2024 सायं 06:00 बजे से (मतदान समाप्त होने वाली अवधि के 48 घंटे पूर्व) किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना अनुमति के नही करेगा। मतदान समापन के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से किसी भी समय आयोजित किसी भी ओपिनियन पोल का कोई भी परिणाम किसी भी तरीके से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया द्वारा प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित नही किया जाएगा।

**100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित गतिविधियां :** कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी भी प्रकार के राजनैतिक प्रचार हेतु दीवार लेखन , भित्ति चित्र का निशान, झण्डा, बैनर नही लगायेगा और न लगाने का प्रयास करेगा। केवल मतदान के दिवस के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अध्यधीन प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक वाहन उसके निर्वाचन अभिकर्ता के लिए तथा एक वाहन उसके कार्यकर्ताओं हेतु (कुल 3) की अनुमति की पात्रता एक अभ्यर्थी की होगी। किसी भी अन्य नेता (राजनैतिक व्यक्ति) को किसी भी अन्य वाहन प्रयोग की अनुमति नहीं दी जायेगी। अनुमति दिये गये प्रत्येक वाहन में 5 से अधिक व्यक्ति (चालक सहित) नहीं बैठेंगे। दिये गये वाहन अनुज्ञा को सामने विंड स्क्रीन पर मूल प्रति (कलर्ड फोटोकापी नही) चिपकाकर प्रदर्शित करना होगी। यदि अभ्यर्थी/अभिकर्ता निर्वाचन क्षेत्र में अनुपस्थित है तो उसको आवंटित वाहन का उपयोग कोई अन्य व्यक्ति नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति , अभ्यर्थी, राजनैतिक दल, एजेंट किसी भी प्रकार से वोटरों को परिवहन नहीं करेंगे या निःशुल्क वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं करायेंगे।

यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व की धारा 133 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 125 (5) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में होकर दण्डनीय है। यह हर प्रकार के वाहनों, टैक्सियां, निजी वाहनों, ट्रकों, ट्रेक्टरों, ऑटो रिक्शा, स्कूटर, मोटर साईकिल, मिनी बस, साइकिल रिक्शा, साइकिल इत्यादि पर भी लागू होगा। इस प्रकार के वाहनों की तत्काल जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। कोई भी वाहन मतदान केन्द्र की 200 मीटर की परिधि के भीतर प्रवेश नहीं करेगा। यदि वह स्वयं अपने या परिवार के सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु भी ले जा रहा हो उस स्थिति में भी यह प्रतिबंध लागू रहेगा। मतदान के दिन अस्पताल वैन, एम्बुलेन्स, दूध व पानी के टैंकर, विद्युत, आपातकालीन ड्यूटी के वाहन, पुलिस, निर्वाचन ड्यूटी पर अधिकारी, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, अस्पताल के लिए टैक्सी, दिव्यांग व्यक्तियों के वाहन, निर्वाचन कर्तव्यबद्ध अधिकारी के वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दूरी के भीतर निर्वाचन सम्बन्धी प्रचार या मतयाचना करना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी मतदान केन्द्र के 100 मीटर में कर्तव्यबद्ध अधिकारियों को छोड़कर किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा सेल्युलर फोन, वायरलेस, दूरभाष का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

#### 200 मीटर की भीतर बूथ स्थापित नहीं करेंगे अभ्यर्थी

किसी भी मतदान केन्द्र के बाहर अभ्यर्थियों द्वारा जारी की जाने वाली पर्चियां किसी दल या अभ्यर्थी के चुनाव चिन्ह के बिना होगी तथा सारी श्वेत पर्चियां रहेगी। कोई भी अभ्यर्थी मतदान केन्द्र के 200 मीटर के भीतर कोई बूथ स्थापित नहीं करेगा। मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर कोई भी सशस्त्र व्यक्ति (अधिकृत सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर) प्रवेश नहीं करेगा। किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा में संलग्न सुरक्षाकर्मी को मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन के संचालन नियम 49-घ के तहत केवल पात्र व्यक्ति ही मतदान केन्द्र के भीतर प्रवेश करेंगे तथा यथास्थिति उनको प्रदत्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वैध पास को विहित रूप से प्रदर्शित करेंगे। मीडिया के व्यक्ति किसी भी मतदान प्रक्रिया की फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी इस प्रकार नहीं करेंगे, जिससे कि मतदान की गोपनीयता प्रभावित होती हो।

#### पीडब्ल्यूडी वोटर्स के व्हील चेयर की अनुमति

पुलिस अधिकारी एवं सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र तथा विभिन्न व्यय अनुवीक्षण की टीमों जैसे एफएसटी, एसएसटी को 24 घण्टे प्रभावशील रखेंगे तथा उनको सुदृढ़ करेंगें। मतदान केन्द्र में पी.डब्ल्यू.डी वोटर्स को उनकी व्हील चेयर या ट्राई साइकिल को मतदान केन्द्र के भीतर ले जाने की अनुमति रहेगी।

## देर रात लगी बैंक में आग: दीवार तोड़कर फायर ब्रिगेड टीम ने पाया आग पर काबू फर्नीचर और अन्य सामान्य जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंडी थाना के आगे डीसीबी बैंक में देर रात अचानक आग लग गई। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के प्रयास किए और बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नही हो सका है, संभावना जताई जा रही है कि संभवतः शार्ट सर्किट से आग लगी होगी। जानकारी के अनुसार श्यामपुर मार्ग पर बीती रात डीसीबी बैंक में अचानक आग लग गई। लोगों ने बैंक से धुआं निकलता हुआ देखा और फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी। बैंक के अंदर आग होने के कारण आग पर काबू मुश्किल हो रहा था तब बैंक की दीवार तोड़कर आग बुझाई गई। आग से कितना




नुकसान हुआ है यह बैंक के खुलने पर ज्ञात हो सकेगा।

बैंक में आग लगने के मामले में फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य आरिफ ने बताया कि आग लगने की सूचना रात लगभग 10:30 बजे प्राप्त हुई थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई थी और आग बुझाने के प्रयास तेजी से किया बताया गया है। आग लगने से बैंक का फर्नीचर कंप्यूटर सहित अन्य सामान जल गया है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील न्यायालय आष्टा, भैरूंदा, बुधनी एवं इछावर में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला न्यायालय में लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया जाएगा। इसके बाद जिला मुख्यालय में गठित लोक अदालत की खंडपीठों में लोक अदालत की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सीहोर, आष्टा, भैरूंदा, बुधनी एवं इछावर में कुल 23 खंडपीठ बनाए गए हैं।

## टाइम टेबल बदला 16 मई से होगी परीक्षा, माइनर विषय और तीसरे विषय के पेपर अलग-अलग दिन होंगे

### 45 दिन में होने वाली यूजी थर्ड ईयर की परीक्षा 14 दिन में होगी

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव के कारण आगे बढ़ी अंडर ग्रेजुएशन यूजी कोर्स के थर्ड ईयर का नया टाइम टेबल बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने लंबे समय बाद फिर से जारी किया हे। अब बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएससी होम साइंस थर्ड ईयर की परीक्षाएं एक साथ 16 मई से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं करीब 14 दिन ही चलेगी। सभी परीक्षाएं एक ही शिफ्ट में होगी। इसके लिए दोपहर 3 से 6 बजे तक का समय निर्धारित किया है।

इस बार यूनिवर्सिटी ने टाइम टेबल का पैटर्न बदल दिया है। जिससे यूनिवर्सिटी के परीक्षा कराने में करीब 30 दिन कम लगेंगे। दो प्रश्नपत्रों के बीच में एक दिन का अंतराल भी दिया गया है। यदि यदि लगातार प्रश्नपत्र होते तो सात दिन में भी थर्ड ईयर की परीक्षा हो जाती। इस बदलाव के कारण यूनिवर्सिटी सत्र 2023-24 के एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार तय समय सीमा में परीक्षा संपन्न कराने में सफल हो जाएगी। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार परीक्षाएं 31 मई तक करानी है। यूनिवर्सिटी की थर्ड ईयर की परीक्षा 29 मई तक पूरी हो जाएगी।

**नए टाइम टेबल के हिसाब से ऐसे होगी परीक्षा:** बताया गया कि पहले दो दिन में सभी कोर्सेस बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीएससी होम साइंस, बीसीए में पढ़ाए जाने वाले अनिवार्य विषय फाउंडेशन कोर्स (एफसी) की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 16 मई को एफसी के तहत लैंग्वेज एंड कल्चर और इंग्लिश लैंग्वेज एंड कम्युनिकेशन स्किल्स की परीक्षा होगी। 18 मई को पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड कैरेक्टर बिल्डिंग और डिजिटल अवेयरनेस साइबर सिक्योरिटी की परीक्षा होगी। 20 मई को इन विषय के होंगे पेपर 20 मई को सभी



कोर्सेस में पढ़ाए जाने वाले वोकेशनल और स्किल इनहांसमेंट कोर्स (सीईसी) की परीक्षा होगी। इसके तहत 25 विषयों की परीक्षा एक ही दिन में हो जाएगी। सभी कोर्सेस के जनरिक इलेक्टिव कोर्स की परीक्षा भी एक ही दिन में 22 मई को होगी। इसमें तहत करीब 50 विषयों की परीक्षा होगी।

#### 12 हजार से ज्यादा छात्र होंगे शामिल

बता दें कि ये परीक्षाएं पूर्व में करीब 45 दिन तक चलती थी। इससे यूनिवर्सिटी और कॉलेज का ह्यूमन रिसोर्स व संसाधन का इस्तेमाल भी ज्यादा होता था। इससे यूनिवर्सिटी पर आने वाले सेंटर चार्ज, पेपर-कॉपी पहुंचाने के लिए होने वाले परिवहन, परीक्षा केंद्र पर डयूटी करने वाले शिक्षकों के मानदेय आदि के खर्च भी हम हो जाएंगे। इससे यूनिवर्सिटी के साथ कॉलेजों का भी समय समय बचेगा। थर्ड ईयर की परीक्षा में अकेले सीहोर जिले में ही करीब 12 हजार से ज्यादा छात्र शामिल होंगे। आगे फर्स्ट ईयर और सेकंड ईयर की परीक्षा के लिए इसी पैटर्न पर टाइम टेबल बनाया जाएगा।

### दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर दो दिनों तक चला कव्वालियों का दौर

# मंजिल सबकी एक है सीढ़ियां अलग हैं, बस हम सब हिन्दूस्तानी हैं: अखिलेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर दो दिनों तक कव्वालियों का दौर चलता रहा। गंगा .जमुना तहजीब के साथ हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक तीन दिवसीय उर्स में हजारों लोगों ने शिरकत कर एकता का पैगाम दिया। बाबा की दरगाह पर हिन्दू मुस्लिमजनों ने परिवार और देश की खुशियाली समृद्धी अमन चैन शांति की दुआऐं की। उर्स मेले के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय का हजरत दूल्हा बादशाह रहमतुल्ला अलेया बाबा उर्स मेला कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, उपाध्यक्ष अशफाक खान, महासचिव नोशाद खान,पूर्व पार्षद शमीम अहमद, साजिद शाह, मुस्ताफा अंजूम, हुसैन अली जैकी के द्वारा सौ किलों की फूलों की माला पहनाकर स्मृति चिंह भेंटकर भव्य स्वागत सम्मान किया।

दिल्ली के मशहूर कव्वाल सरफराज चिश्ती सहित भोपाल के तबरेज मियां,इकबाल मियां सीहोर के कासिम झंकार, तारीक हुसैन कव्वालों के द्वारा दो दिनों तक



कव्वालियां पेश की गई। दरगाह पर चादर चढ़ाने के बाद मिलाद हुआ जिस के आद उर्स की शुरूआत हुई। खादिम अनवर शाह के द्वारा दरगाह पर शुक्रवार सुबह गोशलदेकर (पवित्र जल छिड़कर) सभी कमेटी सदस्यों के द्वारा देशहित में खुदा से दुआ मांगी गई।

कमेटी के द्वारा बुधवार रात पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय का गर्मजोशी के साथ सम्मान किया गया। गुरूवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय ने कमेटी सदस्यों और कव्वालों का स्वागत कर कार्यक्रम को संबोंधित किया उन्होने ने कहा कि हमसब हिन्दूस्तानी है हमसब का खून लाल है मंजिल एक है रास्ते अलग है बाबा की दरगाह की हिफाजत और जरूरत के मुताबिक निर्माण कार्य हमसब की जिम्मेदारी है हमसब मिलकर इस को पूरा करेंगे। उर्स कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने स्वागत भाषण में कहा कि नगर सेठ स्वर्गीय गेंदालाल राय के द्वारा हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाने की परंपरा की शुरुआत कर उर्स का भी शुभारंभ किया था राय परिवार के द्वारा हमेश सहयोग दिया जाता रहा है। मशहूर कव्वाल सरफराज चिश्ती के द्वारा कृपाकरों ख्याजा, उजाड़ दे मेरे दिल की दुनिया जैसी अनेक कव्वालियां पेश की गई। भोपाल से पहुंचे नफीस बाबा, मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी और उनके साथियों के द्वारा रात भर कव्वालियों का लुफत लिया गया।

इधर बड़ी संख्या में तहसील चौराहा से शुगरमिल चौराहा तक खेल खिलौनों और झूले,खाने पीने की दुकानों पर महिला पुरूष बच्चों की भीड़ लगी रही उर्स मेले में खुशी की माहौल बना रहा। उर्स कमेटी के सचिव नौशाद खान ने सभी अतिथियों सभी श्रोताओं कव्वालों नगर पालिका, पुलिस प्रशासन, विघुत वितरण विभाग सहयोगकर्ताओं पत्रकारजनों अधिकारियों कर्मचारियों का तीन दिवसीय उर्स को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। तीन दिवसीय उर्स में अमीन बिजली, रईस मंत्री, राजा मियां, तययूब खा, अन्नी, भवंरलाल, आमिर हुसैन, साजिद पठान सहित अन्य युवाओं के द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। उर्स मेले में सीहोर भोपाल रायसेन राजगढ़ देवास जिले के हजारों लोग परिवार सहित सम्मिलित हुए।

## बुदनी, इछावर ने मतदान करने का बनाया रिकॉर्ड अब आष्टा की बारी

### सीहोर जिले को बनाना है नंबर-1

**सीहोर।** तीसरे चरण में हुए लोकसभा चुनाव में बुदनी और इछावर में रिकॉर्ड वोटिंग हुई। इसके बाद अब आष्टा विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने इसके लिए ग्रामीण अमले को अधिक से अधिक मतदान कराने पर जोर देते हुए प्रदेश में नंबर वन बनाने के लिए प्रेरित किया।

गुरुवार को आष्टा क्षेत्र के तीन हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियां, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, पटवारी तथा शिक्षकों को समझाइश देते हुए कलेक्टर ने मतदान को बढ़ाने के लिए जोर दिया।

उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में अमले की ऊर्जा, लगन और अथक परिश्रम के कारण ही सीहोर जिला 84.4 मतदान प्रतिशत के साथ प्रदेश के टॉप पांच जिलों में शामिल रहा। चौथे चरण के लोस चुनाव में 13 मई को देवास संसदीय क्षेत्र की आष्टा विधानसभा के लिए मतदान होना है। लोकसभा चुनाव में सीहोर जिले को प्रदेश में नंबर वन बनाना है।

**विधानसभा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों का सम्मान :** कलेक्टर ने विधानसभा चुनाव में आष्टा विधानसभा की ग्राम पंचायत लसुड़िया सूखा, बगडावदा, गुराड़िया रूपचंद, अमरपुरा तथा दुपाड़िया में सर्वाधिक मतदान कराने वाली की टीम को सम्मानित किया।

### पेड न्यूज के संबंध में सजग व सतर्क रहने के निर्देश

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग और सतर्क रहने कहा है। कोई ऐसी न्यूज जो राजनैतिक दल विशेष को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक मीडिया में दिखाई जाती है पेड न्यूज की श्रेणी में आएगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति 24 घंटे इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण पर नजर रख रही है। केबल आपरेटरों से कहा गया है कि वे आयोग के निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करें। केबल आपरेटर द्वारा जिस सामग्री का प्रसारण किया जाता है उसके प्रसारण पूर्व प्रसारणकर्त्ता से घोषणा पत्र भी प्राप्त करें। वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के अन्य प्रकारों पर नजर रखी जा रही है।

### एनएबीएल लैब निर्माण के चलते डीआईसी के रूम में गिरा छत का हिस्सा

# स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ उपयंत्री को कार्य में अनियमितता के चलते किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोई भी कोताही बरतना नही चाहती, जिसको लेकर प्रदेश सरकार का बजट का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं में लगाया जाता हैं लेकिन यदि धरातल पर उचित जगह इसका उपयोग हो तो बजट का पूरा फायदा आम जनता को मिलता हैं। बजट की सही उपयोगिता का काम जिम्मेदार अधिकारीयो का रहता हैं जो आंवटित बजट को सही रूप से जनता के लिए उपयोग में लाते है, जिला अस्पताल देवास में स्वास्थ्य सम्बन्धी एडवान्स सुविधा सरकार द्वारा दी जा रही हैं लेकिन उसका उपयोग सही जगह नही हो पा रहा है। जिला अस्पताल में इन दिनो एनएबीएल लेब का निर्माण चल रहा हैं, जो शिशुओं की केयर के लिए बनाई गई डीआईसी के ऊपर बनाई जा रही हैं, सरकार की मंशा भी हैं कि एडवान्स स्वास्थ्य सुविधा जिले के नागरिकों को मिले , लेकिन जंहा लेब बनाई जा रही है, उसका प्रवेश स्थान मरीजों के लिए सुगम होना चाहिए।

इस पर जिला अस्पताल के जिम्मेदारो का।कहना है कि मरीज को ब्लड देने लेब में नही जाना पड़ेगा। हमारा स्टाफ सेम्पल लेकर लेब में भेजेगा। लेकिन हमेशा की तरह स्टाफ की समस्या से जूझने वाला जिला अस्पताल क्या इसे धरातल पर उतार पाएगा। सूत्रों की माने तो लेब निर्माण के लिए दूसरी जगज निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्धारित स्थान पर न बनाकर इसे सिविल सर्जन कार्यलय के ऊपर बनाया जा रहा है जिसके नीचे डीआईसी सहित तमाम अन्य विभाग हैं। लेब निर्माण के चलते कई बार छत का मलबा नीचे के विभागों में गिरता रहता हैं जिससे हादसे होने का अंदेशा लगा रहता है। डीआईसी का निर्माण निर्धारित जगह पर न होकर दूसरी जगह पर किया गया। डीआईसी का निर्माण बच्चों के प्रवेश की सुगमता को देखकर किया जाता हैं। व्यवहारिक तौर पर ऐसे सेंटर का निर्माण ग्राउंड फ्लोर पर किया जाता हैं, लेकिन वहां न होकर इसे प्रथम तल पर किया गया। ऐसे में शासन के लाखों रुपये व्यर्थ हो जाते है, या पूर्ण रूप से आमजन के लिए उपयोग नही आ पाते।







#### डीआईसी में गिरा छत का हिस्सा

सूत्रों की माने तो डीआईसी भी निर्धारित जगह नही बनाई गई और साथ ही नई निर्माणाधीन लेब भी उसकी निर्धारित जगह नही बनाई जा रही। इसे डीआईसी के ऊपर बनाया जा रहा है। लेब निर्माण के चलते डीआईसी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। डीआईसी में बच्चों और पालकों का आना जाना लगा रहता हैं, लेब निर्माण के दौरान डीआईसी में कई जगज टूट फुट होने के साथ एक्जामिनेशन रुम में ही छत का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। गनीमत यह रही की वँहा कोई बच्चे नही थे नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। निर्माण के दौरान डीआईसी जाने वाला मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया हैं, हालांकि रेम्प का दूसरा रास्ता हैं पर उससे जाना बच्चो के लिए बहुत ही रिस्की हैं।

डीआईसी ऐसी जगह पर बनना चाहिए थी, जहां बच्चों का प्रवेश सुगमता से हो सके। बच्चे डीआईसी में दी गई खेल और उनके परीक्षण जैसी सुविधओं का पूर्ण रूप से उपयोग कर सके। कई निर्माण नियमों को ताक पर रखकर पूरे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर किए। निर्माणों के अंतर्गत आर्थिक अनियमितता के साथ ही निर्माण स्थलों की जगह ही बदल दी गई। जिस प्रोजेक्ट का निर्माण बेस से करना था उसे बिल्डिंग के ऊपर शिफ्ट कर दिया गया। इन निर्माणों को करवाने के लिए जिला अस्पताल में सब इंजीनियर उमेश शर्मा की नियुक्ति की गई,जिनके द्वारा कही न कही गम्भीर लापरवाही होना पाई गई।

#### नोटिस देकर मांगा था जवाब



प्रदेश के स्वास्थ्य आयुक्त संचालनाय स्वास्थ्य सेवाओं के द्वारा उमेश शर्मा को संविदा उप यंत्री सिविल के पद पर नियुक्त किया गया था। जिले में एनएचएम स्वास्थ्य अंतर्गत आने वाले डीपीएम यूनिट में उनकी पद स्थापना की गई थी। उमेश शर्मा को अपने कार्य के प्रति लापरवाह पाए जाने पर केकई बार नोटिस के माध्यम से जवाब तलब किया गया था। वर्तमान में मार्च 2024 में अपने कार्य के प्रति लापरवाह होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस में शर्मा द्वारा वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारीयो के संज्ञान में लाए बिना ही कार्य प्रारंभ करने का स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही स्वयं निर्णय लेकर कार्य करने पर भी जवाब मांगा गया। साथ ही रिकार्ड बुक में कई गलतियों का होना पाया गया , जो की गम्भीर चूक की श्रेणी में पाया गया। शर्मा से पूछा गया की किया गया कार्य शासन के दिशा निर्देशों अनुरूप है उसे स्पष्ट करें। शर्मा द्वारा एनएचएम द्वारा पूछे गए सवालों के जवाबों में असंतुष्टता पाई गई।जिस पर मिशन संचालक ने निर्णय लेते हुए शर्मा की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर शर्मा को अपने पद से बर्खास्त किया गया।

## आधी-तूफान के बाद हुई मूसलाधार बारिश, कई पेड़ गिरे, मकान हुए क्षतिग्रस्त

**सीहोर।** पिछले दो तीन से मौसम से करवट बदल रखी है। दिन के समय तेज धूप के बाद शाम होते-होते तेज हवा, आंधी का दौर शुरू हो रहा है। इसके साथ ही तेज बारिश भी हो रही है। शुक्रवार को भी जिले के अनेक गांवों में हवा-आंधी के बाद मूसलाधार बारिश हुई। जिसमें कई पेड़ धाराशाही हो गए और मकान क्षतिग्रस्त हो गए। खेतों से पानी बहकर निकल गया।

जिले में मौसम के अनेक रंग देखने को मिल रहे हैं। सुबह से दोपहर तक हलाकान करने वाली गर्मी पड़ रही है। वहीं शाम चार बजने के साथ ही आसमान पर काले बादल छा रहे हैं। इसके साथ ही आंधी-तूफान के बीच बारिश भी हो रही है। शुक्रवार को भी जिले में अनेक जगह इसी तरह का मौसम रहा। शहरी क्षेत्र में भी शाम चार बजे के करीब आसमान पर काले बादलों के साथ आंधी तूफान के दौर के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं जिला मुख्यालय के आसपास स्थित कई गांवों में आंधी तूफान और बारिश ने लोगों को घरों में कैद कर दिया।



जिला मुख्यालय के आसपास स्थित धनखेड़ी, बड़ी कूलांस, छापरी, बिलकिसगंज, चंदेरी सहित अनेक गांवों में शाम चार बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के बीच मूसलाधार बारिश शुरू हो गई।


**बारिश से हुआ काफी नुकसान :** चंदेरी के किसान एमएस मेवाड़ा ने बताया कि आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश में गांवों में अनेक पेड़ गिर गए। वहीं अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। कई मकानों की दीवार गिर गई। ऐसी मूसलाधार बारिश उन्होंने जिंदगी में पहली बार देखी। मूसलाधार बारिश में जो जहां था, वहीं सुरक्षित स्थान देखकर छिप गया। बारिश के कारण गांवों में काफी नुकसान हुआ। खेतों से पानी बहकर निकल गया। किसान श्री मेवाड़ा ने कहा कि जिन पेड़ों फल व मकान गिर गए हैं जिन मकानों की दीवारें गिर गई है उनको तत्काल पटवारी को मौके पर भेज कर राहत राशि वितरण की जाए।

### 20 पेटी विदेशी मदिरा जब्त कर दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**देवास।** आबकारी विभाग के दल ने गुरुवार को वृत्त देवास स में मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने बालगढ़ बायपास टोल के पहले इंदौर की ओर से आ रही कार को रोका, जिसमें 02 व्यक्ति चेतन सिंह एवं नागेश्वर परिहार बैठे हुए थे। कार की विधिवत तलाशी लेने पर कार से 17 पेटी बीयर केन एवं 03 पेटी व्हिस्की कुल 230 बल्क लीटर बरामद हुई जो दोनों व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से संग्रह कर परिवहन की जा रही थी। विभाग द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री तथा वाहन का बाजार मूल्य लगभग 4 लाख 31 हजार रूपए है । कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, डी पी सिंह आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, आशीष गुप्ता, बालकृष्ण जायसवाल, नितिन सोनी, दीपक धुरिया, भगत परते, किशोर सिसोदिया सम्मिलित थे।

## भैरूंदा में मनाई भगवान श्री परशुराम जयंती, हुई पूजा-अर्चना, सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा किया गया आयोजन

**भैरूंदा।** नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जयंती का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर स्थित सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती के अवसर पर सुबह भगवान श्रीपरशुरामजी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद आरती हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में विप्र बंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।आगामी दिनों में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा -सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्रीपरशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाती है। इस वर्ष भी आगामी दिनों यह शोभा यात्रा निकाली जाएगी।



दरअसल भगवान श्री परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के दिन मनाई जाती है। इस दिन बड़ी संख्या में शादियां होती हैं, इसके लिए इस दिन ब्राह्मण समाज द्वारा शोभा यात्रा नहीं निकाली जाती है। आगामी दिनों में भैरूंदा में भी शोभा यात्रा निकालने की तैयारी है।

# तीन दिवसीय शिव महापुराण की तैयारियां पूर्ण आज कलश यात्रा के साथ आरंभ होगी कथा

**वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए किया जा रहा भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं को प्रतिदिन वितरण की जाएगी ठडांई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और विठलेश सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार से आरंभ होने वाली तीन दिवसीय शिव महापुराण की कथा की तैयारियां पूर्ण हो गई है। वृद्धाश्रम परिसर में भव्य पंडाल लगाया गया है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा के द्वारा कथा की जाएगी। इस मौके पर लगातार तीन दिन कथा का आयोजन किया जाएगा, वहीं चौथे दिन 1008 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और अंतिम दिन हवन पूजन किया जाएगा। इसको लेकर समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, जिला संस्कार मंच के जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा आदि कथा के पूर्व यहां पर नवग्रह पूजन के साथ शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर यहां पर निवासरत वृद्धजनों के साथ हवन पूजन किया। केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे सैकड़ाखेड़ी अंजलीधाम के पास शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी और उसके पश्चात सुबह दस बजे से पंडित श्री मिश्रा के सानिध्य में कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

#### अक्षय तृतीया पर आश्रम किया गया यज्ञ

शुक्रवार की सुबह कथा के एक दिन पूर्व अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया था। यज्ञ के आयोजनकर्ता उज्जैन के प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन त्रिवेदी, सुनील पाराशर आदि के मार्गदर्शन में पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। पंडित श्री त्रिवेदी ने कहा कि अक्षय तृतीया को वर्ष का सबसे शुभ दिन कहा जाता है। इस दिन किया गया कोई भी दान या अच्छा कार्य, या खरीदी गई कीमती वस्तु या की गई पूजा कभी कम नहीं होती और बढ़ती या बढ़ती रहती है। इस दिन का स्वामी भगवान विष्णु हैं। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर के साथ उनकी पूजा की जाती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन और रात में, सूर्य और चंद्रमा अपनी सर्वोत्तम चमक पर होते हैं, जिसे ज्योतिषीय रूप से एक शुभ अवसर माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यह वह दिन है जब भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, जब भगवान गणेश ने महाभारत लिखना शुरू किया था, जब सुदामा को भगवान कृष्ण से प्रचुरता का उपहार मिला था, जब देवी अन्नपूर्णा का जन्म हुआ था, जब कुबेर को धन का संरक्षक नियुक्त किया गया था और जब पवित्र नदी गंगा स्वर्ग से उतरीं। इस दिन भगवान परशुराम जयंती भी मनाई जाती है, भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं।



# आष्टा विधानसभा में चलाया जा रहा चलें बूथ की ओर अभियान



**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों में "चलें बूथ की ओर'' अभियान 09 मई से लगातार चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र में चलें बूथ की ओर अभियान के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं को निर्देश दिये हैं कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित कि जाए और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाये ताकि आगामी 13 मई को आष्टा क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा सर्वाधिक मतदान किया जा सके। विधानसभा आष्टा में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत आष्टा के अनेक गांवों में मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, बैनर, होडिग्स, कटआउट, पेंटिंग, दीवार लेखन, खेल, निबंध, बाद-विवाद के साथ ही घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की जा रही है। चलें बूथ की ओर अभियान के तहत नगर परिषद कोठरी में वार्ड प्रभारी द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र और पीले चावल देकर मतदान करने के लिए मतदाताओं से निवेदन किया गया और मतदाताओं को शपथ दिलाई गई की हम सब मतदान करेंगे और जिले को नंबर वन बनाएंगे। इसी प्रकार ग्राम रिछड़िया, जसमत एवं मोरूखेड़ी में आजीविका मिशन ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

### विभिन्न गतिविधि आयोजित कर छात्र- छात्राओं को किया जा रहा है दक्ष

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे डांस और ड्राइंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

नगर में मौजूद सीएम राइज स्कूल में 18 दिवसीय समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है । यह केम्प 1 मई से आरंभ होकर 17मई तक चलेगा , जिसमें छात्र - छात्राओं को प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा योग, व्यायाम,कत्थक, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, मिट्टी के खिलोने बनाना , ड्राइंग , पेंटिग, खेल, आदि गतिविधियां सिखाई जा रही है।

आयोजित केम्प के बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया की समर केम्प मे बच्चे उत्साह पूर्वक भाग ले रहे है ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः राष्ट्रगान, सरस्वती वंदना से शुरू होती है । इसके बाद योग, व्यायाम,कत्थक, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, मिट्टी के खिलोने, ड्राइंग पेंटिग, खेल, आदि गतिविधियां कराई जाती है । नोडल शिक्षक ओपी सेन ने बताया विभिन्न गतिविधियों के अलग अलग प्रभारी नियुक्त किये गए है । जो नियमित रूप से इन गतिविधि को संचालित कर बच्चों सिखा रहे है। इनमें प्रमुख रूप से राजेश मालवीय, जगदीश गुजराती, रमेश मालवीय, मंजू राठौर, मंगला व्यास, नसीम शेख, रवीद्र कुमार,अलका मालवीय,, रानी पटेल, पूजा भवर,पूजा जायसवाल,कामिनी सोलंकी,अखिलेश सेन भूपेंद्र यादव अन्य आमंत्रित शिक्षक शामिल है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

**Name Change Information**

I HUZEFA S/O NAZMUDDIN HAVE CHANGED MY NAME AS HUZEFA SAIFY. NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS HUZEFA SAIFY, ADD- WARD NO.34, NEAR BOHRA MASJID, SEHORE M.P.

### निरीक्षण में नदारत मिले शिक्षकों पर कार्रवाई के दिए थे निर्देश

# डीईओ ऑफिस में दबी कलेक्टर के तल्ख निर्देशों की फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब सवा माह पहले कलेक्टर एवं सर्व शिक्षा अभियान के अध्यक्ष हर्ष दीक्षित ने चुनावी व्यस्तता के बीच तंवरवाड़ के कुछ स्कूलों का निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में 8 शिक्षक नदारत मिले थे, वहीं कुछ स्कूलों में बच्चों की संख्या नगण्य जैसी पाई गई थी।

दीक्षित ने उस समय डीईओ देवेंद्र रघुवंशी एवं डीपीसी आरके यादव को सभी लापरवाहों पर डीई (डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी) के तल्ख निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के बाद जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से सभी लापरवाहों को सात दिवस में उक्त लापरवाही के संबंध में जवाब देने कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। करीब 25 दिन पहले डीईओ रघुवंशी ने इन शोकाज नोटिसों को लेकर कहा था कि जवाब आने




पर कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजकर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

#### चुनावी व्यस्तता में सब गोलमोल

उक्त फाइल अब चुनावी व्यस्तता का हवाला देकर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में ही दबकर रह गई है। अधिकतर देखने में आया है कि जिलाधीश की व्यस्तता का लाभ उठाकर कुछ कार्यालयों के लिपिक फाइलों को दबाकर बैठ जाया करते हैं। इस फाइल को डीईओ ऑफिस में किसने दबाया हुआ है यह जिलाधीश ही अब संज्ञान लेकर बता पाएंगे।

#### इन स्कूल शिक्षकों पर होनी थी कार्रवाई

कलेक्टर दीक्षित ने जब करीब सवा माह पहले निरीक्षण किया था, तब 15 शिक्षकों को नोटिस देकर जवाब उपरान्त कार्रवाई हेतु तल्ख निर्देश दिए थे। इन शिक्षकों में सरिता अडसुले मावि ढंढ, मीनाक्षी चौरसिया ढंढ, मुकेश विजयवर्गीय एकीकृत कलीखेड़ा, श्रद्धा सक्सेना कलीखेड़ा, बनवारी राठौर कलीखेड़ा, मुश्ताक खान, भोजराज, बद्रीलाल यादव, शिवप्रसाद पंवार लहरचा, महेंद्र सिंह हाड़ा एवं रामकिशन तंवर एकीकृत मावि शाला हिरनखेड़ा, योगेश गोयल, शाहिद प्रहरी, डीपी पिपलोटिया, बनेसिंह भील उमावि कालीपीठ शामिल थे।

कुछ राजनैतिक कारणों एवं कुछ डीईओ कार्यालय की प्रशासनिक अनदेखी के चलते यह कार्रवाई फाइलों में दबकर रह गई है।

**इनका कहना है...**

तीन दिन की छुट्टियां हैं। उसके बाद 13 मई को मैं स्वयं जाकर कलेक्टर साहब के सम्मुख फाइल प्रस्तुत करूंगा। अंतिम निर्णय उन्हीं को लेना है कि क्या कार्रवाई प्रस्तावित की जाए।

- **देवेंद्र रघुवंशी,** जिला शिक्षाधिकारी, राजगढ़

# दुकान खुलते ही चौड़ी सड़कें अतिक्रमण से हो जाती हैं संकरी

### भेरू दरवाजा सड़क की दोनों और दुकानदारों ने जमाया कब्जा



हर दिन लगता है जाम, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की सड़कों पर अतिक्रमण होने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। शहर के अंदरुनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। बाकी की कसर दो पहिया वाहन चालक पूरी कर देते हैं। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती हैं। दोनों तरफ के दुकानदार सड़कों को ही शोरुम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

#### इन स्थानों पर परेशानी

नगर के मुख्य भेरू दरवाजा बाजार में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान है। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में अटेंशन चौराहा, जोशी दवाखाना जाने वाले मार्ग से गुजरने से लोग अब कतराने लगे हैं। क्योंकि इन पर मार्गों पर दिन भर जाम लगता है। जबकि इन मार्गों पर होटल, किराना, स्टेशनरी, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरुरी सामानों की दुकानें हैं। दुकानदारों में गहमा-गहमी बनी रहती है। इसी बीच यदि कोई चार पहिया वाहन या हाथ ठेला मार्ग पर आ जाता है तो यातायात ठप हो जाता है। यह स्थिति दिन में कई बार बन जाती है। शहर के मुख्य बाजार में जब ग्राहक को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिलती है तो वे नगर की संकरी गलियों में ही वाहनों को रखकर खरीदी करने चले जाते हैं। ऐसे में छोटी-छोटी गलियों में भी घंटो जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के दौरान प्रेशर हार्न का इस्तेमाल भी खूब होता है।

#### प्रशासन नहीं करता कार्रवाई

अटेंशन चौराहा, जोशी दवाखाना रोड, भेरू दरवाजा रोड सहित पेट्रोल पंप पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रख का बेजा कब्जा कर लिया गया है। फलस्वरुप दिन में अनेकों बार जाम के हालात बनते हैं। एक तो दुकानदारों का सड़क के आधे हिस्से पर सामन रखकर कब्जा कर लेने दूजा खरीदारी करने बाजार आने वाले नागरिकों के द्वारा वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देने से पैदल राहगीरों को परेशान होती है। लेकिन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। जिससे नागरिकों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर की सामाजिक संस्था ने प्रशासन से आग्रह किया है कि यातायात व्यवस्था की जाए, ताकि यातायात व्यवस्थित हो सके।

**कार्रवाई की जाएगी**

भेरू दरवाजा रोड की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जल्द नपा द्वारा अतिक्रमण करने वालों पर सामान जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

**लालसिंह डोडिया,** नपा सीएमओ सारंगपुर

# जल, बिजली संकट: नपा और बिजली कंपनी की खींचतान में परेशान हो रहे हैं शहरवासी

### सुबह-सुबह कटौती ने बनाई आधे शहर में भीषण जलसंकट की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

भीषण गर्मी के बीच शहरवासी जलसंकट से जूझ रहे हैं। उसी में नगरपालिका और बिजली कंपनी में समन्जस नहीं होने का खामियाजा भी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार को शहर के अधिकांश हिस्से में सुबह-सुबह 7 बजे बिजली गुल हो गई। जिसके बाद लोग पानी भरने के लिए तरसते रहे। जब आधे पौन घंटे बाद बिजली आई तब तक नलों से पानी जा चुका था। ऐसे में शहर की घोसीपुरा,दुर्गा कॉलोनी, कर्नलगंज, कोल्हूपुरा, हाट रोड, पुरानी मंडी, सिसौदिया कॉलोनी, गढ़ा कॉलोनी सहित शहर के बड़े हिस्से में जलसंकट खड़ा हो गया।



इसके पूर्व भी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सुबह-सुबह बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को परेशान कर डाला। दरअसल भीषण गर्मी के साथ ही शहर में जलसंकट भी गहराने लगा है। नपा द्वारा सुबह-सुबह 30 से 40 मिनट के लिए ही जलापूर्ति की जा रही है।

### माल्यार्पण कर आतिशबाजी की

# महाराणा प्रताप उत्सव समिति ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महाराणा प्रताप उत्सव समिति के तत्वावधान में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। बस स्टैंड के पास स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सभी समाज जनों ने माल्यार्पण कर आतिशबाजी की। साथ ही महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का सभी युवाओं ने संकल्प लिया। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से महाराणा प्रताप उत्सव समिति के सभी सदस्य व व राजपूत समाज के अन्य समाज जन उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने चोरों को पेड़ से बांधकर पीटा

### कई जिलों में चारी की घटनाएं कर चुके थे यह शातिर चोर

**ब्यावरा।** ब्यावरा के निवानिया गांव में चोरों को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर पीटा। मंगलवार-बुधवार रात दो चोर गांव में घुसे जो ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। इसके बाद चारों को पेड़ से बांधकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया। मामला ब्यावरा के निवानिया का है जहां पर मवेशी चोरी करने की कोशिश मे बाड़े के ताले चटकाते हुए चार लोग चोरी करते दिखें। जिनकी घेराबंदी कर ग्रामीणों ने एक चोर को दबोच लिया। इसी बीच पकड़ाए हुए चोर के फोन की घंटी बजने पर सतर्क ग्रामीणों ने दूसरी तरफ से लोडिंग वाहन लेकर पहुंचे सहयोगी चोर को भी पकड़ लिया और दोनों को रस्सी से बांधकर जमकर पीटा। जिन्हें बुधवार को सुबह पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया की दोनों आरोपी मनोहर थाना के रहने वाले हैं। एक रतनलाल भील निवासी गांव मोगियाबे थाना दांगीपुरा और दूसरा बिलाल खां पिता गफूर खां गांव गोड़िया थाना कामखेड़ा का रहने वाला है।

## दीवार गिरने से घायल महिला की मौत

**गुना।** जिले के म्याना के छपरा मोहल्ला में गत दिवस एक दीवार भरभराकर गिर जाने के कारण इसके नीचे दो महिलाओं के गंभीर रूप से घायल हो जाने और फिर इलाज के दौरान इनमें से एक की मृत्यु हो जाने का समाचार है।

असल में मामला यह है कि छपरा मोहल्ला में रहने वाली मालती बाई पत्नी गोपाल कुशवाह 40 वर्ष व गजरी बाई 60 वर्ष एक कच्चा घर बना रही थी, जिसकी दीवार में पानी भर गया था और इसी कारण गत दिवस अपरांह में काम करते समय यही दीवार इन दोनों के ऊपर भरभराकर गिर गई। जिसमें दब जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार के दौरान बीती शाम 60 वर्षीय गजरी बाई की मृत्यु हो गई, जिसका शव सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है, जबकि दीवार गिर जाने से घायल मालती बाई जिला चिकित्सालय में उपचाररत है।

# जैविक खेती करने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं दिलीप

### डीडी किसान चैनल पर पहुंचकर किया किसानों को जागरुक करने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

दूरदर्शन मध्य प्रदेश के प्रश्न पहर कार्यक्रम में विगत दिवस मेहमान रहे राजगढ़ जिले की तहसील नरसिंहगढ़ के ग्राम रोसला जागीर निवासी जैविक खेती किसान दिलीप सिंह राजपूत, विष्णू राजपूत कांसरोद निवासी ने जैविक खेती के माध्यम से अच्छी और उन्नत जेविक खेती कर रहे हैं।

इन्होंने दूरदर्शन के माध्यम से जैविक खेती के डाक्टर और विशेषज्ञों से सवाल जवाब किए। इसके पहले भी जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 19 अगस्त 2014 में किसान दिलीप सिंह जादम रोसला जागीर को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश से प्रशस्ति पत्र वा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। और जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गुजरात में दिलीप सिंह राजपूत



को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 51 हजार रूपए वा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

#### जैविक खेती के गिनाए फायदे

जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों तथा खरपतवारनाशियों के स्थान पर जीवांश खाद पोषक तत्वों (गोबर की खाद कम्पोस्ट, हरी खाद, जीवणु कल्चर, जैविक खाद आदि) जैव नाशियों (बायो-पैस्टीसाईड) व बायो एजैन्ट जैसे काईसोपा आदि का उपयोग किया जाता है, जिससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता तथा कृषि लागत घटने व उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ने से कृषक को अधिक लाभ भी मिलता है। जैविक खेती वह सदाबहार कृषि पद्धति है, जो पर्यावरण जल व वायु की शुद्धता, भूमि का प्राकृतिक स्वरूप बनाने वाली, जल धारण क्षमता बढ़ाने वाली, धैर्यशील कृत संकल्पित होते हुए रसायनों का उपयोग आवश्यकता अनुसार कम से कम करते हुए कृषक को कम लागत से दीर्घकालीन स्थिर व अच्छी गुणवत्ता वाली पारम्परिक पद्धति लें।


# बीएमओ ने अस्पताल की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए आयोजित की बैठक

**जीरापुर।** स्थानीय सिविल अस्पताल में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं सुदृढ़ रूप देने के लिए चर्चा की गई। जहां उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि अस्पताल में जो विगत समय से अव्यवस्थाओं का दौर चल रहा है उन बिंदुओं पर चिंतन करते हुए व्यवस्थाओं को सुधारा जाए। वैसे मरीज को थोड़ा सा विश्वास मिल जाता है तो लगता है कि मरीज आधी बीमारी से आराम मिल सकता है यह भी सुझाव दिया कि व्यवहार कुशलता का परिचय सभी दें, ताकि बेवजह होने वाली अव्यवस्थाओं से बच सकते हैं। नव पदस्थ बीएमओ डॉ सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि यह अस्पताल आपका और हमारा है हम सब मिलकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ कैसे मिले ऐसे प्रयास करेंगे। मैंने अभी चार्ज लिया है परंतु यहां पर व्यवस्थाएं अस्त व्यस्त हैं उनको समझनें में भी थोड़ा समय लगेगा पर अच्छे-से अच्छा करेंगे।

अस्पताल में हो रही अनियमितताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि चार्ज लिया है। अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू करेंगे। इसके लिए नगर के नागरिकों मरीज के परिजनों का सहयोग मिलेगा। तथा बताया कि प्रसुता महिला को रेफर कि वजह क्या है रजिस्टर में नियमित इंट्री की जा रही जिससे रेफर पर कंट्रोल हो रहा है ऐसा प्रयास किया है। योजना बनाकर सभी स्टाफ को अपने अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने के लिए भी कहा तथा स्टाफ हमारा सहयोग करेगा।

### विभिन्न किस्मों के पौधों का किया रोपण

# प्रकृति प्रेमी ऐसे भी करते हैं फूट चुके मटकों का सदुपयोग



**राजगढ़।** गर्मी की तपन से बचने जहां कोई भी मटका अपने शीतल जल से सूखे कंठों की प्यास बुझाता है। वहीं फूटने के बाद भी इन मटकों का सदुपयोग किया जा सकता है। इन दिनों कुछ प्रकृति प्रेमी यहां-वहां फूटे पड़े मटकों को गमलों की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इन गमलों में विभिन्न किस्मों के पौधों आदि का रोपण उनके द्वारा किया जा रहा है। इससे जहां अनुपयोगी सामान उपयोग में आ रहा है वहीं पर्यावरण संतुलन का मैसेज भी आने वाली पीढ़ी को दिया जा रहा है। कभी उजाड़ पड़ी पथरीली जमीन पर आज अनेकों किस्म के औषधीय, डेकोरेटिव पौधे लहलहा रहे हैं। इन पौधों में कबीट, अमलतास, बेलपत्र, चंपा, चमेली व विभिन्न औषधीय गुणों वाले अनेकों पौधे शामिल हैं। पौधों को पानी देने पानी की व्यवस्था नहीं थी तो घर से कईं बार बाल्टियों में पानी भर-भरकर राकेष ठाकुर ने पौधों को उछारा है। बाद में समीप में पानी की टंकी निर्मित होने पर अब पाइप से पानी देना शुरू किया।

# पारायण समिति के ताले में बंद हैं दान में मिले दोनों वाटर कूलर

### पारायण चौक में श्रीमद भागवत कथा शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कोई भी व्यक्ति इसलिए दान करता है, ताकि उस वस्तु का सदुपयोग आमजनों के हित में हो सके। इसी उद्धेष्य एवं सोच के साथ कुछ समय पहले नगर के दो प्रबुद्धजनों ने नगर की धार्मिक संस्था गीता मानस प्रचार समिति को दो वाटर कूलर दान में दिए थे।

दोनों वाटर कूलर बिल्कुल सही अवस्था में हैं। लेकिन समिति प्रबंधन से जुड़े लोगों ने दोनों वाटर कूलरों को ताले में बंद करके रख दिया है। स्थानीय जनों का कहना है कि पारायण समिति में अब पहले जैसे जिम्मेदार व गंभीर व्यक्ति नहीं बचे हैं जो आगे की सोच के साथ कार्य कर सकें। जो सामान जनहितार्थ दान में दिया गया है उसे चैनल के अंदर बंद करके रखना कहां तक उचित है। जबकि भीषण गर्मी में लोग आसपास की दुकानों में पानी पीने जा रहे हैं।

#### शुरू हुई कथा

पारायण सममि में 10 मई से कथा भी आरंभ हो गई है। कथा के व्यवस्थापक कथा श्रवण करने आने वालों के लिए पानी की कैंपरों की व्यवस्था कर रहे हैं। अगर उक्त दोनों वाटर कूलर आमजनों के लिए ताले से बाहर निकालकर शुरू करवा दिए जाएं तो श्रृद्धालुओं के साथ ही सड़क पर प्यासे चलने वालों को भी बड़ा सहारा मिल जाएगा।

### रोजाना बढ़ रहा जिले का तापमान, रात के साथ दिन में भी चल रही लू

# अब प्रचंड वेग दिखाने लगे सूर्यदेव, अभी डेढ़ माह रहेंगे ऐसे ही हालात, 42.5 डिग्री पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अप्रैल माह की शुरूआत में मानसून सामान्य अवस्था में था, लेकिन मई के आरंभ में सूर्य देव अपने प्रचंड वेग दिखाने लगे हैं। आलम यह है कि जिले का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री तक पहुंच चुका है। जिस हिसाब से प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, उस लिहाज से मई के अंत में पारा 46 डिग्री तक पहुंचने के कयास लगाए जा रहे हैं।



दिन में चल रही लू की लपटों के कारण लोगों ने घरों से बाहर तक निकलना छोड़ दिया है। वहीं आवष्यक काम से बाहर निकलने वाले लोग अब रूमाल और गमछे से किसी तरह अपने आप को गर्मी से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि बच्चों को इस मौसम में बाहर न निकालें इसके साथ ही थोड़े-थोड़े समय में पानी और तरल पदार्थ लेते रहें। जैसे-जैसे धूप बढ़ रही है वैसे-वैसे तीव्र तपिश से भरी लपटों के कारण लू का भी खतरा अब शुरू हो चुकी है। चिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि गर्मी से अचानक कूलर या एसी में न आएं। खासकर बच्चों के लिए तो यह बेहद नुकसान दायक है। लू की लपटें बच्चों के साथ ही बड़ों को भी अपनी चपेट में ले सकती हैं। शहर में दो तीन व्यक्तियों को लू लगने के समाचार हैं।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान**

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | अधि. |
|---|---|
| 03 मई | 41.0 |
| 04 मई | 41.2 |
| 05 मई | 42.4 |
| 06 मई | 42.6 |
| 07 मई | 44.0 |
| 08 मई | 44.0 |
| 09 मई | 44.0 |

**लू से बचने के लिए उपाय**

- गर्मी से अचानक पंखे, कूलर, एसी में न आएं।
- ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लें।
- गर्मी से आकर एकदम ठंडा पानी न पिएं।
- घर से निकलने पर गमछा, रूमाल मुंह, सिर पर लपेटें।
- अनावश्यक धूप में न निकलें।
- लू लगने पर चिकित्सकीय सलाह पर उपचार लें।

## खबर संक्षेप

### आचार्य समय सागर को श्रीफल भेंट करेगा समाज

**आष्टा।** आचार्यश्री समय सागरजी महाराज को आष्टा नगर में चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट करने सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर आष्टा दिगंबर जैन समाज 11 मई को रात 8 बजे जैन धर्मशाला से बस द्वारा प्रस्थान करेगा। मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि 11 मई को आष्टा से कुंडलपुर के लिए रवाना होकर 12 मई को आचार्य समय सागर जी महाराज को आष्टा में चातुर्मास का लाभ देने हेतु श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया जाएगा। कुण्डलपुर से 12 मई रात में आष्टा वापसी होगी। समाज अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल व संदीप जैन ने समाज जनों से आग्रह किया कि अपूर्व अवसर आया है पुण्य कमाओ कुंडलपुर यात्रा का लाभ लेने के साथ ही सिद्ध क्षेत्र की वंदना व बड़े बाबा के मनोहारी दर्शन तथा नवाचार्यश्री समय सागर जी महाराज के दर्शन लाभ और सैकड़ों की संख्या में मुनि, आर्यिका संघ के दर्शन लाभ होगा ।

### एसआई व कांस्टेबल भर्तीः आवेदन 14 तक

**सीहोर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी) द्वारा आरपीएफ में सब इंस्पेक्टर व कांस्टेबल के 4660 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरु हो गई है। प्रार्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर के 452 पद पर जबकि कांस्टेबल के 4205 पद पर भर्ती निकाली है। अभ्यर्थी 14 मई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### 2024 में जोड़े गए चार नए विषय

**सीहोर।** राज्य पात्रता परीक्षा-2024 में चार नए विषय बढ़ाए गए हैं। अब यह परीक्षा 24 विषयों के लिए होगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने मंगलवार को नोटिस जारी किया है। एमपीपीएससी ने द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी। एमपीपीएससी द्वारा पूर्व में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने 20 विषयों के लिए पात्रता परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। अब नए विषयों में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, रक्षा और रणनीतिक अध्ययन, संगीत और पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान को शामिल किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरु होगी।

### तीखी धूप के कारण दोपहर में बाजार में सुनसान

**सीहोर।** ग्राम बिलकिसगंज में शुक्रवार को तेज गर्मी का असर दिखा। सुबह से लोगों को काफी बेचैनी का हुई। दिन में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। गर्म हवा का असर भी दिखा। इस वजह से लोगों की आवाजाही कम रही। गर्म हवाएं चलने से ग्रामीण घरों से निकलने में भी कतराते नजर आए। ग्रामीण राधेश्याम मेवाड़ा ने बताया कि दोपहर में तेज गर्मी के कारण बाजार में सुनसान रहती है। हालां धूप कम होते ही शाम को थोड़ी ठंडक होने से बाजार में लोगों की चहल-पहल हो जाती है। स्वाथ्य विभाग का कहना है की गर्मी के मौसम में लोग पानी अधिक पीएं। स्वास्थ्यवर्धक आहार का सेवन करें।

युवा पीढ़ी को भगवान परशुराम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने के लिए किया गया प्रेरित

# हवन-पूजन कर मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, रविवार को निकलेगी शोभायात्रा

शोभा यात्रा में जयपुर राजस्थान के प्रसिद्ध आकाश के बैंड-बाजे, नागपुर के ढोल-नगाड़े, आर्केष्ट के अलावा हनुमान जी और भगवान परशुराम की झांकी निकाली जाएगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम का जन्मोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया, अब 12 मई को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जयपुर राजस्थान के प्रसिद्ध आकाश के बैंड-बाजे, नागपुर के ढोल-नगाड़े, आर्केष्ट के अलावा हनुमान जी और भगवान परशुराम की झांकी निकाली जाएगी। शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा, युवा समाज के अध्यक्ष नयन जोशी आदि ने शुभ अवसर पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि प्रभु की आराधना करने से जातक को जीवन में शुभ फल की प्राप्ति होती है।

समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की सुबह भगवान परशुराम जयंती हवन पूजन कर मनाई गई। सुबह आधा दर्जन से अधिक पंडितों और संतों की मौजूदगी में भगवान परशुराम का विशेष पूजन और हवन किया। पंडितों ने वैदिक मंत्रोंचार के बीच हवन संपन्न कराया। इसके पश्चात समाजजनों के द्वारा पूजन और आरती की गई। इससे पहले विप्रजनों की उपस्थिति में सुबह भगवान का पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया था। इस दौरान समाज के लोगों ने समाज व संगठन को मजबूत करने का संकल्प भी लिया। हवन पूजन में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अराध्य भगवान परशुराम जी का संपूर्ण जीवन नित नई परीक्षा और चुनौतियों से परिपूर्ण रहा था। इसके बावजूद उन्होंने कभी भी सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। महा पराक्रमी भगवान परशुराम ने सदैव अपने शस्त्र निर्बलों की रक्षा और अधर्मी वह पापियों के संहार के लिए उठाए थे।

### अब 12 मई को निकाला जाएगा ऐतिहासिक चल समारोह

इस साल चल समारोह के अध्यक्ष का दायित्व पंडित आशुतोष शर्मा मौनी को सौंपा गया है। विगत वर्ष प्रवीण तिवारी ने चल समारोह भव्य रूप से निकाला है, उनके अनुभव का लाभ लेते हुए इस साल ऐतिहासिक चल समारोह निकाले जाने की तैयारियां की गई है। इस वर्ष समाजजनों ने घर-घर पहुंचकर आमंत्रण पत्र वितरण किए है, लेकिन किसी कारणवश जिनको नहीं मिला है, वह भी चल समारोह में शामिल हो सकता है। चल समारोह रविवार की शाम को पांच बजे शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला से निकाला जाएगा जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल विहार मैदान पर पहुंचेगा और उसके पश्चात यहां पर करीब आठ हजार से अधिक विप्रजनों के लिए भोजन प्रसादी का इंतजाम किया गया है।

**कार्यकारिणी की घोषणा की :** सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्री शर्मा ने गत दिनों कार्यकारिणी की घोषणा की थी। जिसमें धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मौनी, महिल अध्यक्ष चल समारोह शोभा शर्मा, महामंत्री रमाकांत समाधिया, चल समारोह संयोजक राजेन्द्र शर्मा कल्लू, प्रभारी प्रवीण तिवारी, समाज के सचिव जितेन्द्र तिवारी, युवा संगठन अध्यक्ष नयन जोशी, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, राकेश शर्मा, सह संयोजक राजेश मोहन शर्मा, नवीन मिश्रा, भोजन व्यवस्था प्रभारी चंद्रमोहन शर्मा, मुरली शर्मा, चल समारोह सह प्रभारी योगेश श्रोत्रिय, नवनीत उपाध्याय, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रभारी महेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, प्रचार-प्रसार दीपक पुरोहित, सुनील शर्मा, सतीश भार्गव, नितिन उपाध्याय, महामंत्री युवा संगठन ऋषि पाराशर, पूजन व्यवस्था प्रभारी अशेक पाराशर आदि को नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को कथा वाचक पंडित अजय पुरोहित, पंडित मोहितराम पाठक सहित अन्य कथावाचक के अलावा ब्राह्मणों ने पूजा अर्चना की।

# नियमित नहीं खुलता उपस्वास्थ्य केंद्र, मरीजों को होना पड़ रहा है परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खेरी सहित आसपास के गांवो में इस समय मौसमी बीमारियों का प्रकोप बना हुआ है। बड़ी संख्या में लोग सर्दी जुकाम, वायरल फीवर सहित उल्टी-दस्त आदि की चपेट में हैं। ऐसे में क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को उपचार के लिए कई किमी का सफर तय कर इछावर, सीहोर आदि स्थानों को रुख करना पड़ता है। इसके अलावा कई मरीजों को गांव में स्थित निजी क्लीनिक और बिना डिग्री धारकों से उपचार कराना पड़ता है।

जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के चलते ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते मरीजों को इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस संबंध में खेरी के कमल वर्मा, गोपाल सिंह, रामपाल सिंह आदि ने बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्र में अक्सर ताला लटका रहता है। स्वास्थ्य कर्म सप्ताह में मंगलवार को ही यहां पर दिखाई देते हैं। वह यहां पर चंद घंटे ही रूककर वापिस आ जाते हैं।

# मुवाड़ा में तेज हवाओं से चादर उड़ीं, बारिश से भीगा भूसा, किसान की चिंता बड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर जनपद पंचायत के ग्राम मुवाड़ा में दोपहर के समय तेज हवाएं चलीं। साथ ही बारिश भी हुई। इसने किसानों की समस्या बड़ा दी है। हवा इतनी तेज थीं कि इसके कारण भूसे को रखने के लिए बनाया गए टीनशेड से चद्दर भी उड़ गईं। किसान का कहना है कि उनका कहना है की तेज हवा आने से पूर्व ही उन्होंने टीन सेट को व्यवस्थित बनवाया था। उसमें खील ठोकने के साथ उसके ऊपर बड़े-बड़े पत्थर रखे थे। इसके बावजूद तेज हवा उन्हें उड़ाकर ले गईं। गनीमत रही कि चद्दर उड़कर किसी को लगी नहीं।

हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही क्षेत्र में बारिश व आंधी की अशंका जताई थी। वहीं बरसात होने के कारण टीनशेड के अंदर रखा भूसा खराब हो गया। तेज हवा के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### पुलिस प्रशासन अलर्टःलोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के मतदान से पहले निकाला फ्लैग मार्च



**आष्टा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले कजलास में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च हिन्द भूमि स्कूल से गांव से लेकर पीपल चौक तक निकाला गया। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। बता दें कि आगामी 13 मई को यहां पर लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण का मतदान होना है। चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां पर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड काम कर रहा है। आज गांव में मुख्य मार्ग पर पुलिस बल मार्च को लेकर निकला।

# 5 लीकेज ठीक कर बचाया लाखों लीटर पानी, अब प्रेशर से आएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में कई जगह अभी भी लीकेज हो रहे हैं। पुरानी सप्लाई लाइन होने के कारण भी यह समस्या है। कई जगह पानी के प्रेशर से यह समस्या होती है। पिछले दो दिन में नगर पालिका के अमले ने 5 जगहों के लीकेज ठीक किए जो कई दिनों से चले आ रहे थे। इन लीकेज को ठीक कर हररोज बर्बाद हो रहे पानी को बचाया।

गर्मी के इस मौसम में पानी का संकट गहराने लगा है। हालत यह है कि इस समय पानी की समस्या बनी हुई है। दूसरी तरफ शहर में कई जगह लीकेज होने से काफी पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। आए दिन जो लीकेज होते हैं उन्हें ठीक तो किया जाता है लेकिन एक लीकेज को ठीक करने के लिए कई बार तो कई दिन लग जाते हैं।

इस संबंध में जीवन सिंह दांगी ने बताया कि पिछले दो दिनों में अमले ने पांच लीकेज को ठीक किया। इससे यहां पर बर्बाद हो रहे पानी को



गिरा दिया।

1. वर्कशॉप रोड स्थित सरस्वती स्कूल के सामने कई दिनों से लीकेज था। नपा के अमले ने इसे भी ठीक किया। यहां आसपास के क्षेत्र के लोगों को इस लीकेज को ठीक करने के बाद काफी फायदा मिलेगा। 2. कोर्ट रोडः कलेक्ट्रेट के पास स्थित कोर्ट वाले रोड पर भी लीकेज की समस्या हो रही थी। यहां के लोग काफी परेशान थे। काफी पानी की बर्बादी हो रही थी। नगर पालिका के अमले ने इसे भी ठीक कर दिया है 3. संजय टॉकिज के पासः बस स्टैंड के पास संजय टॉकीज स्थित गायत्री ऑटो पार्टस के पास लीकेज की समस्या लंबे समय बनी हुई थी। इस समस्या से कई बार अवगत भी कराया गया था। अब जाकर इसे ठीक किया गया है। 4. बस स्टैंड क्षेत्रः बस स्टैंड से सैकड़ाखेड़ी फोरलेन पर भी लीकेज हो रहा था। बंधक बैंक के पास हुए इस लीकेज को सोमवार को ठीक किया गया । काफी पानी बच जाएगा। 5. पानी की टंकीः जिला सहकारी बैंक के पास सहकारी बैंक है। यहां पर लीकेज की समस्या थी। हालत यह थी कि हर दिन यहां पर पानी भर जाता था। सड़क पर भी पानी बहने लगता था। इस लीकेज को भी ठीक किया गया।

### मतदाता जागरूकता जन जागरण अभियान चलाया गया

**जावर।** मतदाता जागरूकता जन जागरण हेतु जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह, राजिस्टीकरण आधिकारी एव अनुविभागीय अधिकारी आष्टा के दिशा निर्देशन में आगामी 13 मई 2024 के लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरुक कर मतदान केंद्र तक पहुंचाने की अपील हर स्तर से की जा रही है। इसी तारतम्य में निर्वाचन कार्य में मास्टर ट्रेनर तथा बीएलओ मोहम्मद



अकबर सिद्दीकी ने भी अपने स्तर से मतदाताओं को जन जागरण हेतु कार्य करते हुए विद्यालय के कक्षा नवी से बारहवीं तक बनाए गए विद्यार्थियों के व्हाट्सएप ग्रुपों पर भी पालको से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील के साथ समाज के अंतिम तथा पिछडे परिवारों तक पहुंचकर मतदान करने की अपील की जा रही है।

### पंचायत परिसर में बोरवेल खुदवाने के बाद ग्रामीणों की पानी की समस्या हुई कम



**सीहोर।** बिजोरी में जल संकट गहराता जा रहा है। यहां पर अप्रैल माह तक सभी हैंडपंप बंद हो चुके। ऐसे में पानी के लिए ग्रामीण काफी परेशान थे। पानी भरने के लिए उन्हें कई किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पंचायत परिसर में बोरवेल खुदवाया गया है। ग्रामीण यहीं पानी भरने लगे हैं। यहां पर पानी मिलने से उनकी परेशानी काफी हद तक कम हुई है।

### प्याज की खुदाई शुरूः बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम बमुलिया में प्याज की खुदाई व कटाई का काम शुरू हो गया है, लेकिन गांव में मजदूर नहीं मिल पाने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसान हरि सिंह ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ भूमि में प्याज लगाया है अब उन्हें खोदने और कटवाने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। वहीं, मौसम में हुए बदलाव से भी किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि दिन के समय दोपहर में भयंकर गर्मी पड़ती है और बुधवार शाम को हुई बारिश में किसानों की चिंता को और ज्यादा बढ़ा दिया है। बता दे कि प्याज की फसल पककर तैयार हो चुकी है, ऐसे में प्याज की फसल पर पानी गिरने से प्याज सढ़ने लगती है। एक अन्य किसान ने बताया कि इस समय प्याज 1200 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल तक बाजार में बिक रहा है।

संतश्री को 56 भोग का नैवेद्य अर्पित किया गया

# अक्षय तृतीया पर त्यागी बाबा का 131वां जन्मोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अक्षय तृतीया पर ब्रहमलीन संत श्रीश्री 1008 श्री त्यागी बाबा का 131 वां जन्मोत्सव श्रीरामकुटी आश्रम में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मानस पाठ, सत्संग प्रवचन कई कार्यक्रमों में पूरे जिले भर के श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया और संत श्री का पुण्य स्मरण किया। संतश्री को 56 भोग का नैवेद्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर महाआरती एवं भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

अक्षय तृतीया पर सीहोर स्टेशन स्टेषन रोड पर स्थित ब्रहमलीन संत श्रीश्री 1008 श्री त्यागी बाबा का जन्मोत्सव हर वर्ष श्रद्धालु भक्तों द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाता है, इस वर्ष भी संतश्री के जन्मोत्सव पर श्री रामकुटी आश्रम पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इसमें प्रातः मानस पाठ का आयोजन किया गया, तत्पष्चात उनके कृपापात्र षिष्य मानस मर्मज्ञ सुप्रसिद्ध श्रीरामकथा वाचक श्रीश्री 1008 श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज के श्रीमुख से प्रातः 10 बजे से सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। प्रवचन के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर



दोपहर 12 बजे से भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि संतश्री त्यागी बाबा के सीहोर सहित आसपास के जिलों में प्रभु सीताराम जी को ईष्ट रूप में स्वीकार करने वाले बडी संख्या में शिष्य हैं।

शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित त्यागी बाबा आश्रम जिसे रामकुटी आश्रम के नाम से जाना जाता है यहां श्री सीताराम जी की मनमोहक प्रतिमाएं विराजमान है, आश्रम प्रांगण में श्री हनुमानजी, उमापति महादेव जी, मारकण्डेय महादेव की प्रतिमाएं मंदिर में विराजित हैं। आश्रम प्रांगण में एक कुंआ भी है जिसे संतश्री त्यागी बाबा ने अकेले ही श्रम करके निर्मित किया था। सीहोर में त्यागी बाबा आश्रम श्रद्धालुओं की एक चिरपरिचित स्थली है जहां जाने से ही तन-मन में परम शांति का अनुभव होता है। आश्रम के पवित्र वातावरण में अनेक बाल साधु भी हैं जो धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन एवं षिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्रतिदिन यहां बडी संख्या में श्रद्धालु जनों का आना-जाना लगा रहता है। सुदूरवर्ती गांवों से भी भक्त संतश्री की समाधि का दर्षन करने आश्रम में आते हैं। आज भी संतश्री की समाधि से श्रद्धालुजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# कई दिनों से बंद पड़ा हैंडपंप, ग्रामीण पानी के लिए हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जनपद पंचायत सीहोर के अंतर्गत आने वाली पंचायत लोधीपुरा में ग्राम पंचायत की अनदेखी से ग्रामीण परेशान है। यहां ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगाया गया, हैंडपंप कई दिनों से बंद पड़ा है। हैंडपंप गांव के सरकारी स्कूल के पास है शासकीय माध्यमिक शाला में लगा है। गांव के लोगों का कहना है कि गांव में काफी समय से हैंडपंप 2 साल से बंद पड़ा हुए हैं, इसके बावजूद हैंडपंप चालू नहीं कराया गया है, गर्मी के समय में अब ग्रामीण को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। गांव के सोनू गुर्जर ने बताया है कि गांव में पानी की सुविधा के लिए दो टंकी बनाई गई थी, दोनों टंकी के आसपास के लोगों ने कब्जा कर रखा है और उन टंकियां को खराब कर दिया गया, जिसके कारण ग्रामीण परेशान हो रहे है। वहीं, ग्राम पंचायत लोधीपुरा में नालों की सुविधा भी नहीं है, लोगों गांव से बाहर जाना पड़ता है पानी लाने के लिए गांव में कोई नल सुविधा नहीं है।